जम्मू, शुक्रवार
08:03:2024
www.jammuparivartan.com

अमृत वचन

मनुष्य कर्म से महान होता है, जन्म से नहीं।

https://www.facebook.com/jammuparivartanJK/

दैनिक
# जम्मू परिवर्तन
सच की आवाज

www.jammuparivartan.com/epaper RNI No. JKHIN/2016/70048 पृष्ठ>> 8 ♦ मूल्य>> ₹2 ♦ वर्ष > 7 ♦ अंक: 449

## संपादक की से

### कायाकल्प



शम्मी चौधरी

प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है। स्टेशन जो पहले गंदगी और कचरे का भंडार होते थे, उनका अब आरामदायक यात्रा के स्वच्छ हलचल वाले केन्द्र, राष्ट्रीय गौरव और विरासत तथा विश्वस्तरीय सुविधाओं का प्रतीक बनना वास्तव में उल्लेखनीय है। मिशन ने पहले ही आश्चर्यजनक परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। ये आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन एक ऐसे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जो न केवल तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है बल्कि एक ऐसी शासन व्यवस्था भी बना रहा है जो अपने नागरिकों की परवाह करती है। भारतीय रेलवे का अनुभव करने का अर्थ है, भारत को एक राष्ट्र के रूप में भी अनुभव करना। आधुनिकीकरण के नाम पर, 2014 से पहले, यात्री सुविधाओं में सुधार और बहुत कम दृश्यता वाले व्यस्त रेलवे स्टेशनों के आगे के हिस्से को बेहतर बनाने के लिए छिटपुट प्रयास किए जाते रहे। 2014 के बाद, पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास रेल मंत्रालय का प्रमुख एजेंडा बन गया। इस एजेंडे को अब सरकार पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। गुजरात में गांधी नगर रेलवे स्टेशन का 2021 में आधुनिकीकरण किया गया और यह पहला स्टेशन था जिसका आधुनिकीकरण किया गया। बाद में, इसी वर्ष, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (जिसे पहले हबीबगंज के नाम से जाना जाता था) भारतीय रेलवे का पहला रेलवे स्टेशन था जिसे पुनर्विकसित किया गया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2022 में लगभग 10,000 करोड़ के कुल निवेश के साथ 3 प्रमुख रेलवे स्टेशनों- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) मुंबई को पुनर्विकसित करने की मंजूरी दी। केन्द्र ने अब देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को %अमृत भारत स्टेशन% के रूप में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस मिशन को तब गति मिली, जब अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किए जा रहे ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें अन्य के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 स्टेशन शामिल हैं।

# परिवारवाद से लेकर बदलते जम्मू कश्मीर तक प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की बड़ी बातें






**जम्मू परिवर्तन ब्यूरो**

**जम्मू।** अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर दौरे पर हैं। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में श्विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया और जनसभा को संबोधित किया। आइए पढ़ते हैं पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें।

**परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर जमकर बरसे पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा जम्मू कश्मीर में पहले की सरकारों के समय में भ्रष्टाचार और परिवारवाद का बोलबाला रहा। प्रदेश परिवारवाद का सबसे प्रमुख निशाना रहा। परिवारवादी लोग मोदी पर व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं। देश के हर कोने में लोग कह रहे हैं। मैं हूं मोदी का परिवार। कश्मीर के लोग भी कह रहे मैं हूं मोदी का परिवार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जम्मू.कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। क्योंकि जम्मू.कश्मीर आज खुलकर सांस ले रहा है। बन्दिशों से ये आज़ादी आर्टिकल 370 हटने के बाद आई है। दशकों तक सियासी फायदे के लिए कांग्रेस और उसके साथियों ने 370 के नाम पर जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह कियाए देश को गुमराह किया। 370 से फायदा जम्मू कश्मीर को था या कुछ राजनीतिक परिवार ही इसका लाभ उठा रहे थेघ् जम्मू कश्मीर की आवाम ये सच्चाई जान चुकी है कि उनको गुमराह किया गया था। कुछ परिवारों के फायदे के लिए जम्मू कश्मीर को जंजीरों में जकड़ दिया गया था। आज 370 नहीं है। इसलिए जम्मू कश्मीर के युवाओं की प्रतिभा का पूरा सम्मान हो रहा है। उन्हें नए अवसर मिल रहे हैं। आज यहां सबके लिए समान अधिकार भी हैए समान अवसर भी है। झीलों से लेकर जेकेसीए के लोगो तक में कमल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यहां की झीलों में जगह जगह कमल देखने को मिलते हैं। 50 साल पहले बने जम्मू कश्मीर क्रिकेट एशोसिएशन के लोगो में भी कमल है। ये सुखद संयोग है या कुदरत का कोई इशारा कि भाजपा का चिन्ह भी कमल है और कमल के साथ तो जम्मू कश्मीर का गहरा नाता है। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब इरादे नेक होंए संकल्प को सिद्ध करने का जज्बा हो तो फिर नतीजे भी मिलते हैं। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे यहां जम्मू कश्मीर में ळ20 का शानदार आयोजन हुआ। आज यहां जम्मू कश्मीर में पर्यटन के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए हैंण्ण्जम्मू कश्मीर में पर्यटन के साथ ही कृषि और कृषि उत्पादों की ताकत भी है। जम्मू कश्मीर की केसर, सेब, यहां के मेवे, जम्मू कश्मीरी चेरी, जम्मू कश्मीर अपने आप में ही इतना बड़ा ब्रांड है। इस प्यार के कर्ज को चुकाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर केवल एक क्षेत्र नहीं है। जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक हैए और ऊंचा उठा मस्तक ही विकास और सम्मान का प्रतीक होता है। इसलिए विकसित जम्मू कश्मीरए विकसित भारत की प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने कहा कि आपके इस प्यार से मैं जितना खुश हूंए उतना ही कृतज्ञ भी हूं। मोदी प्यार के इस कर्ज को चुकाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। 2014 के बाद मैं जब भी आया। मैंने यही कहा कि मैं ये मेहनत आपका दिल जीतने के लिए कर रहा हूं। और मैं दिनों दिन देख रहा हूं कि आपका दिल जीतने की सही दिशा में मैं जा रहा हूं। एक जमाना था जब देश के कानून कश्मीर में नहीं लागू होते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा एक जमाना था जब देश में जो कानून लागू होते थे वे कश्मीर में नहीं लागू हो पाते थे। एक जमाना था जब गरीब कल्याण की योजनाएं पूरे देश में लागू होती थी लेकिन जम्मू.कश्मीर के मेरे भाई बहन उनका लाभ नहीं ले पाते। अब देखिए वक्त ने कैसे करवट बदली है। आज श्रीनगर से आपके साथ ही पूरे भारत के लिए योजनाओं को आरंभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है। ऊंचा उठा शीश ही विकास सम्मान का प्रतीक होता है। उन्होंने लोगों से श्वेड इन इंडिया की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि आप बाहर दूसरे देशों में शादी करते हैं। जिससे उस देश की इकोनॉमी मजबूत होती है।













## नशा तस्करों से संर्पक बनाने में लगा है चौकी अफसर

**जम्मू परिवर्तन ब्यूरो**

**जम्मू।** जम्मू जिले में तैनात एक चौकी अफसर इन दिनों नशा तस्करों के साथ संर्पक बनाने में लगा हुआ है। वह नशा तस्करों को वाहटसएप पर फोन करता है। फिर उनके साथ मिलता है। इस प्रकार से ज्वाइन होने के बाद से ही तस्करों के संपर्क में आया हुआ है। उसके इलाके में नशे का काफी कारोबार है। लेकिन फिर भी उसकी तरफ से तस्करों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पहले से चौकी अफसर प्राप्टी के मामले में काफी चर्चा में रह चुका है। अब नशा तस्करी की तरफ उसने कदम को बढाया है।

जानकारी के अनुसार यह चौकी अफसर इन दिनों जिले की एक बडी चौकी में तैनात हुआ है। इससे पहले भी उसके पास चौकी थी। वह लगातार तीसरी चौकी में तैनात हुआ है। नार्थ इलाके में स्थित इस चौकी में तैनात होने के बाद उसने अपने इलाके के नशा तस्करों तथा चोरियों के मामलों में शामिल लोगों की लिस्ट बनवाई। उसके बाद दूसरी लिस्ट सट्टेबाजी वालों की बनाई गई। इस प्रकार से उसने दो लिस्टों को तैयार किया। लेकिन उसने उन पर कार्रवाई करने के लिए लिस्टों को नहीं बनाया। बल्कि उनसे संपर्क बनाने के लिए लिस्टों को बनवाया गया। उसके बाद एक एक करके वाहटसएप पर उनसे बात करके चौकी में बुलाना शुरू कर दिया गया। उन्हें अपने कमरे में बुलाकर चाय पिलाता है और उसके बाद उनसे संर्पक बना लेता है। इस प्रकार से वह नशा तस्करों के पूरे संर्पक में आया हुआ है। लेकिन उसकी तरफ से साफ कहा गया है कि धंधा उतना ही किया जाए जिससे की शोर कम पड़े। उस तक ही बात आ सके। अगर ऊपर स्तर पर गई तो वह उन्हें बचा नहीं पाएगा। सट्टेबाजों के बारे में उसे काफी जानकारी है। ऐसे में वह उनसे भी संर्पक में बना हुआ है। जिससे की उन्हें चौकी में बुलाकर पूरे धंधे के बारे में पता कर चुका है। यह चौकी अफसर मूल रूप से दूसरे जिले का रहने वाला है। लेकिन इन दिनों जम्मू जिले में ही सेट है। भाजपा नेताओं से सिफारिश लगवाकर पोस्टिंग को मैनेज कर लेता है। जिससे की उसे लगातार बेहतर चौकियो प्राप्त हो रही है।

### लगातार जम्मू जिले में कर रहा है चौकियां



## उधमपुर पुलिस ने चोरी का मामला सुलझाया

### चार आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू परिवर्तन ब्यूरो**

**जम्मू।** उधमपुर पुलिस ने अपराध में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार करके पीएस उधमपुर के एक चोरी के मामले को सुलझा लिया है और उनके कब्जे से चोरी की संपत्ति 17 मोबाइल फोन और एक एलईडी टीवी बरामद की है। पुलिस स्टेशन उधमपुर को आमिर हुसैन पुत्र बशीर हुसैन निवासी उधमपुर से एक शिकायत मिली। जिसमें कहा गया था कि कुछ अज्ञात चोरों ने पीएस उधमपुर के अधिकार क्षेत्र में उसकी दुकान से मोबाइल चोरी कर लिए हैं। इस संबंध में कानून की संबंधित धाराओं के तहत पीएस उधमपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले का संज्ञान लेते हुए पीएस उधमपुर के एसएचओ इंस्पेक्टर रघुबीर सिंह के नेतृत्व में पीएस उधमपुर की एक टीम ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया और लगातार पूछताछ की। जिसके दौरान चार संदिग्ध मुकेश कुमार पुत्र हेम राज निवासी भागा तहसील और जिला रियासी, मुनीर अहमद पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी देबरा क्रिमाची तहसील और जिला उधमपुर, असकर अली पुत्र मंजूर अहमद निवासी चक मातादूर स्टैंड के पास तहसील और जिला उधमपुर तथा कृष्ण जम्वाल पुत्र राम चरण निवासी दरोरा चक तहसील और जिला उधमपुर ने उक्त मामले में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है। जिन्हें पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। चारों आरोपियों के कबूलनामे पर पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर चोरी की गई संपत्ति 17 मोबाइल फोन और एक एलईडी टीवी बरामद कर ली गई है। मामले की आगे की जांच जारी है



## महिला संदिग्ध हालत में घायल

### छर्रे लगने से हुई है घायल

**जम्मू परिवर्तन ब्यूरो**

**जम्मू।** रियासी जिले के अरनास इलाके में एक महिला संदिग्ध हालत में घायल हो गई। इस घटना के बाद आंशकाओं ने जोर पकड लिया। जिसमें कहा गया कि कोई आतंकी एंगल है। लेकिन पुलिस की तरफ से बाद में साफ किया गया कि महिला फायरिंग रेंज के पास छर्र लगने से घायल हुई है।

जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह पीएस अरनास में एक सूचना प्राप्त हुई कि सीता देवी पत्नी प्रभु दयाल उम्र 38 वर्ष निवासी खुदरी चिनकाह तहसील ठकराकोट को उस समय छर्रे जैसी चोट लग गई जब वह घास काटने के लिए फायरिंग बट रुड पुल के पास गई थी। पीएस अरनास की एक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और घायल महिला को डीएच रियासी में स्थानांतरित कर दिया। आगे की जांच शुरू कर दी गई है। जिले के अफसरों की तरफ से लोगों से अफवाह फैलाने वालों और किसी भी ऐसे व्यक्ति से दूर रहने की अपील करता है फर्जी समाचार या घटना बनाने में शामिल लोगों से संबंधित कानूनों के तहत सख्ती से निपटा जाएगा।

## पुलिस ने हरे पेड़ों की बड़े पैमाने पर क्षति का पता लगाया

### भारी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त की गई

**जम्मू परिवर्तन ब्यूरो**

**जम्मू।** डोडा पुलिस द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि पुलिस स्टेशन गंदोह की एक पुलिस पार्टी गंदोह के बाथरी तंता इलाके में गश्त और एरिया डोमिनेशन ड्यूटी पर थी और इसी बीच विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से पता चला कि एक व्यक्ति जिसका नाम शाह मोहम्मद पुत्र गुलाम मोहम्मद है। जंगल में हरे खड़े देवदार फार के पेड़ को अवैध रूप से काट दिया है और बेचने के उद्देश्य से अपने घर के पास भारी मात्रा में स्लीपर डंप कर दिया है। इस सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा। इलाके की तलाशी ली और 150 देवदार फार स्लीपर मिले जिन्हें उसने अपने घर के पास फेंक दिया था। इस पर थाना गंदोह में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा एफआईआर संख्या 9 दर्ज किया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। डोडा पुलिस ने लॉन्च किया है। लकड़ी तस्करों, नशीली दवाओं के तस्करों, गोवंश तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया और आम जनता से अपील की गई कि यदि उनके पड़ोस में कोई तस्करी देखी जाती है तो वे जानकारी इनपुट प्रदान करें ताकि दोषियों पर मामला दर्ज किया जा सके और जिले में अपराध मुक्त माहौल बनाया जा सके।

## उपायुक्त राजौरी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई

**जम्मू परिवर्तन ब्यूरो**

**राजौरी।** राजौरी के उपायुक्त ओम प्रकाश भगत ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से लैंगिक समानता और लड़कियों को बचाने के मुद्दे पर जोर-शोर से समर्थन करते हुए छात्रों की एक भव्य रैली को हरी झंडी दिखाई।

रैली का आयोजन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया गया था। इसकी शुरुआत डीसी कार्यालय से हुई और समापन पीडब्ल्यूडी डाकबंगला राजौरी में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और अधिक न्यायसंगत समाज को बढ़ावा देने में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना है।

बीबीबीपी योजना देश भर में लैंगिक भेदभाव को दूर करने और महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

उपायुक्त ने बीबीबीपी योजना के बहुआयामी उद्देश्यों पर जोर दिया, जो शिक्षा से परे व्याप्त लैंगिक पूर्वाग्रह को चुनौती देने तक फैली हुई है। यह योजना बालिकाओं के अंतर्निहित मूल्य के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने और वृद्धि और विकास के लिए लिंग-तटस्थ अवसरों को बढ़ावा देकर एक सामाजिक बदलाव को उत्प्रेरित करना चाहती है।

इसके अलावा, उपायुक्त ने लड़कियों के लिए कल्याण सेवाओं की प्रभावशीलता में सुधार के लिए योजना के व्यापक दृष्टिकोण पर ध्यान आकर्षित किया। एक सहायक वातावरण बनाकर और प्रणालीगत बाधाओं को दूर करके, बीबीबीपी पहल यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि हर लड़की को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और उज्ज्वल भविष्य के अवसर उपलब्ध हों।

उत्साही छात्रों की विशाल रैली ने सामाजिक परिवर्तन के सामूहिक आह्वान को प्रतिध्वनित किया। बैनरों, नारों के जीवंत प्रदर्शन और प्रतिभागियों की स्पष्ट ऊर्जा ने राजौरी और उसके बाहर बालिकाओं के लिए अधिक समावेशी और न्यायसंगत भविष्य के निर्माण के लिए एकीकृत प्रतिबद्धता व्यक्त की।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, इस तरह के आयोजनों से मजबूत होकर, आशा और प्रगति की किरण बनकर उभरती है, जो देश को एक ऐसे भविष्य की ओर ले जाती है जहां हर लड़की अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए सशक्त होती है।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त राजस्व मोहम्मद जहाँगीर खान, जिला समाज कल्याण अधिकारी वकील अहमद भट्ट; प्रशासक ओएससी नीटू शर्मा, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



